तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4
शहरी क्षेत्र में राशन लेने ओटीपी के अधिक उपयोग पर लगा लगाम



## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबे बुजुर्ग की मौत, हादसे में गई जान

**रायगढ़।** जिले में शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग और एक युवक की मौत हो गई। एक घटना में तालाब में स्नान करने गए वृद्ध की डूबने से जान चली गई, जबकि दूसरी घटना में ट्रेलर से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ेकेला निवासी 65 वर्षीय रोहित सिदार दिनभर मजदूरी का काम करने के बाद शाम के समय गांव के तालाब में नहाने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि वे अपने साथियों के साथ एक मकान की छत पर शीट लगाने का कार्य कर रहे थे। काम समाप्त होने के बाद वे अकेले तालाब की ओर चले गए, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की तो उनका शव तालाब में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक तौर पर पुलिस डूबने से मौत की आशंका जता रही है। वहीं चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में तिलगा निवासी 27 वर्षीय वृंदावन राठिया की जान चली गई। जानकारी के अनुसार युवक शनिवार को देर शाम किसी काम से पतरापाली गया था और रात के समय बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान तिलगा मुख्य मार्ग पर उसकी बाइक आगे चल रहे ट्रेलर के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया।

### तेज बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट, निम्न दबाव का असर

# तीन दिन झमाझम बारिश के आसार: शहर में आफत, किसानों के लिए संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में लंबे समय से मानसून की बेरुखी झेल रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी तीन दिनों में जिले में अच्छी बारिश होने की संभावना है। रविवार की दोपहर से बारिश का सिलसिला शुरू हो चुका है।बंगाल की खाड़ी में बने सुस्पष्ट निम्न दबाव के क्षेत्र और सक्रिय मानसूनी तंत्र के प्रभाव से रायगढ़ सहित प्रदेश के कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। यह बारिश खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं मानी जा रही है।

दरअसल, इस वर्ष मानसून की धीमी रफ्तार के कारण रायगढ़ जिले में खेती-किसानी का काम प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में धान की बुआई और रोपा कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाए थे। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही थी। ऐसे में मौसम विभाग द्वारा अगले 48 से 72 घंटों में अच्छी बारिश के संकेत देने से किसानों में उम्मीद जगी है। रविवार को सुबह से हो रही बारिश किसानों की फसलों के लिए संजीवनी से कम नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे ओडिशा तट के ऊपर सुस्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से लगभग 9.4 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला हुआ है, जिसके कारण प्रदेश में नमी की मात्रा बढ़ गई है और मानसून सक्रिय हो गया है। इसके अलावा मानसूनी द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से होते हुए मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ और उत्तर ओडिशा तक विस्तारित है। यही प्रणाली रायगढ़ जिला सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार बादल बनने और वर्षा की अनुकूल परिस्थितियां तैयार कर रही है।



नया गंज कोष्टापारा के मुख्य मार्ग में भरा नाला का गंदा पानी।

### जिले के लिए येलो अलर्ट जारी

रायगढ़ जिले में आगामी दिनों में मध्यम से भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है। अनुमान है कि कई स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने रायगढ जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी गई है।

### शहरी क्षेत्रों में बारिश बनी आफत

हालांकि लगातार और तेज बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बन गई है। शहर के सभी नालों की सफाई का दावा इस बारिश के पानी में एक क्षण न टिक सका और बह गया। छोटे नालों में जल भराव की स्थिति देखने को मिली, नया गंज कोष्टापारा में नाला उफान पर रहा और नाले का गंदा पानी सड़कों पर आ गया। स्थिति यह बनी कि नालों के गंदा पानी कई घरों में भी प्रवेश कर गया। यह तो एक मोहल्ले की हालात है, अन्य कई मोहल्लों में बारिश का पानी भरने की शिकायत मिली है। एक दिन की बारिश में नालों की सफाई का दावा करने वालों को पोल खुल गई।

# ट्रेलर की चपेट में आए बाइक सवार, दो युवकों की मौत

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम महलोई निवासी ज्ञानचंद राठिया पिता बुधुराम राठिया 21 वर्ष, प्रकाश राठिया पिता लाल साय राठिया 20 वर्ष और मुनावर राठिया पिता उसत लाल राठिया 21 वर्ष रविवार की सुबह किसी काम से रायगढ़ आए थे। शहर में काम निपटाने के बाद तीनों युवक करीब 11 बजे एक ही मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के बंगुरसिया के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक ओडी 16 सी 7859 ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक कई फीट दूर जा गिरी और सवार युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में प्रकाश राठिया ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ज्ञानचंद राठिया और मुनावर राठिया गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया। उपचार के दौरान मुनावर राठिया ने भी दम तोड़ दिया, जबकि ज्ञानचंद की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना के बाद आरोपी ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लिया है।



# रेलवे स्टेशन में 8.16 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने प्लेटफॉर्म नंबर 2 से एक युवक को 8.16 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। ओडिशा निवासी आरोपी गांजे की खेप ट्रेन के जरिए महाराष्ट्र ले जाने की तैयारी में था। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब चार लाख रुपये मूल्य का गांजा और रायगढ़ से अकोला का रेल टिकट बरामद किया है।

- महाराष्ट्र ले जाने की थी तैयारी, जीआरपी ने पकड़ा

जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक आर.के. बोर्झा ने बताया कि 5 जुलाई को सूचना मिली थी कि एक युवक रेलवे स्टेशन के झारसुगड़ा छोर स्थित प्लेटफॉर्म नंबर 2 के चबूतरे के पास संदिग्ध अवस्था में बैठा है। उसके पास मौजूद पिट्ठू बैग में गांजा रखा हुआ है और वह किसी ट्रेन से महाराष्ट्र जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर जीआरपी टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम बिनोद बाघ 27 वर्ष निवासी ग्राम बनबहाल जिला झारसुगड़ा बताया। एनडीपीएस एक्ट के तहत निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी के बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गहरे नीले रंग के पिट्ठू बैग से चार अलग-अलग पैकेट बरामद हुए, जिनमें गांजा भरा हुआ था। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर कुल वजन 8.160 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से रायगढ़ से अकोला जाने का रेल टिकट भी बरामद किया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि गांजे की खेप महाराष्ट्र ले जाई जा रही थी। जब्त गांजे की कीमत करीब चार लाख आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।



## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के शिवरीनारायण-केरा रोड में शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के नुसार ग्राम बिर्रा निवासी 55 वर्षीय छत्तू पटेल शनिवार 4 जुलाई की रात शिवरीनारायण की ओर से बाइक में आ रहा था। इसी दौरान करीब साढे आठ बजे बिर्रा के नामदेव जनरल स्टोर के सामने ट्रेलर वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए घसीट कर पूरी तरह कुचल दिया। हादसे में छत्तू पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने बस स्टैंड चौक बिर्रा के चौराहा में चक्काजाम कर दिया। इससे रायगढ़-बिलासपुर और सारंगढ़ से चांपा कोरबा मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी रहा।

### 1013 बोरी उर्वरकों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए किया सील

**जांजगीर-चांपा।** कृषि विभाग ने शनिवार को मेसर्स राजेश खाद भण्डार नैला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कई अनियमितताएं सामने आईं। अनियमितता पाए जाने पर कृषि विभाग ने मामले में कार्रवाई की है। उर्वरक भंडार के गोदाम में उपलब्ध 1013 बोरी उर्वरकों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए सील कर दिया।

### कैम्पस प्लेसमेंट में 21 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**राहौद।** सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राहौद में 2 जुलाई को मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से आए आईटीआई, बी.एससी., एम.एससी., डी.फार्म. एवं बी.फार्म. अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों का पंजीयन, लिखित/स्क्रीनिंग प्रक्रिया, तकनीकी एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार (एचआर इंटरव्यू) आयोजित किए गए। मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के अनुभवी चयन पैनल ने अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी ज्ञान, व्यक्तित्व एवं संप्रेषण कौशल का मूल्यांकन किया। सभी चरणों के समापन के उपरांत चयन समिति द्वारा विभिन्न शैक्षणिक धाराओं से कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में रोजगार हेतु किया गया। चयनित विद्यार्थियों में आईटीआई, बी.एससी., एम.एससी., डी.फार्म. एवं बी.फार्म. के अभ्यर्थी शामिल हैं। चयन प्रक्रिया के उपरांत कंपनी द्वारा कुल 21 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनमोहन सिंह जांगड़े ने मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के चयन पैनल का महाविद्यालय आगमन एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### एसपी सहित पूरी पुलिस टीम का सम्मान

**सक्ती ।** जिले में लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं का सफल खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाली सक्ती पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने जिलेवासियों की ओर से पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर सहित पूरी पुलिस टीम का शाल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया। सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में सक्ती पुलिस ने कम समय में कई चुनौतीपूर्ण मामलों का पर्दाफाश कर जिले में कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत किया है।

## जशपुर के पनचक्की वन धन केंद्र की महिलाओं को मिला सम्मान

# सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा केंद्र राज्य की योजनाओं का लाभः साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिली है और 'सहकार से समृद्धि' का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं सहकारी सप्ताह कार्यक्रम में जिले के वन धन विकास केंद्र पनचक्की की महिला स्व-सहायता समूह को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सहकार प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानों, वनवासियों, महिला समूहों और ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।

जशपुर जिले में वन विभाग के अंतर्गत संचालित वन धन विकास केंद्र पंचक्की आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का सफल उदाहरण बनकर उभरा है। यहां अनंत स्व-सहायता समूह की 10 महिलाएं मिलकर विभिन्न औषधीय उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। समूह द्वारा च्यवनप्राश सहित कई उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिनकी आपूर्ति आयुष विभाग समेत अन्य संस्थाओं और उपभोक्ताओं को की जाती है।




**36 लाख रुपए के उत्पादों का विक्रय**

महिलाओं की मेहनत और गुणवत्ता का परिणाम यह रहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान समूह ने लगभग 36 लाख रुपये के उत्पादों का विक्रय किया। उत्कृष्ट कार्य और आर्थिक उपलब्धियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने समूह को सहकार पुरस्कार एवं लाभांश राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

### 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह

उन्होंने बताया कि 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की कोई भी पंचायत सहकारिता से वंचित न रहे, इस उद्देश्य से राज्य में 1352 नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है।

### स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा

पनचक्की वन धन केंद्र की महिलाओं को मिला यह सम्मान न केवल जशपुर जिले बल्कि पूरे प्रदेश की महिला स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह सफलता दर्शाती है कि संगठित प्रयास, सहकारिता और सरकारी सहयोग से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं।

### सहकारिता क्षेत्र को मिली नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को नई ऊर्जा मिली है। कृषि के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, वनोपज, मत्स्य पालन और ग्रामीण उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी सहकारिता को मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के सहयोग से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।

## बगीचा में बदमाशों का आतंक स्कूली बच्चों का बैग व नकदी लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ छेड़छाड़ के आरोप में लोगों ने पकड़ा

जिले के बगीचा क्षेत्र में बदमाशों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बस स्टैंड प्रतीक्षालय का है, जहां दो बदमाशों ने एक स्कूली छात्र का बैग छीन लिया। बताया जा रहा है कि बैग में रखा नकदी लेकर दोनों आरोपी फरार हो गए।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इसी बीच दोनों युवकों पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि यह घटना बगीचा थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित बस स्टैंड प्रतीक्षालय में हुई, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों की बढ़ती गतिविधियों के कारण कॉलेज और स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है। फिलहाल मामले में पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्रकरण की आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

## एचपीवी वैक्सीन अभियान 31 तक चलेगा

■ सरकारी अस्पतालों में होगा निःशुल्क टीकाकरण

**जशपुरनगर।** जिले की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में पात्र किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो परंतु 15वां जन्मदिन ना मनाया हो। आयु के प्रमाण हेतु आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र, फोटो आई.डी. कार्ड मान्य किया जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि पात्र बालिकाओं को आसानी से टीकाकरण का लाभ मिल सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। एचपीवी वैक्सीन उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने का प्रभावी माध्यम है।

## दीवार पर चढ़कर खेलने पर बच्चों को सजा 200 बार कराई उठक-बैठक व मारपीट

■ मासूम बच्ची की तबीयत बिगड़ी, परिजनों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**रायगढ़।** शहर के जगतपुर क्षेत्र में बच्चों को कथित तौर पर कठोर सजा देने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद एक बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ज्योति दास निवासी जगतपुर ने बताया कि उसकी बेटी सृष्टि दास 4 जुलाई की शाम करीब 5 बजे मोहल्ले के अन्य बच्चों कुशल डहरे, खिलेश डहरे और मानस नंदे के साथ खेल रही थी। इसी दौरान बच्चे खेलते-खेलते एक मकान की बाउंड्रीवाल पर चढ़ गए। जिसके बाद मकान मालिक धीरेन्द्र मिश्रा ने बच्चों को दीवार पर चढ़ा देख उन्हें घर के अंदर बुलाया और 200-200 बार उठक-बैठक करने की सजा दी। आरोप है कि बच्चे थककर बीच में रुक जाते थे, तो उन्हें दोबारा उठक-बैठक करने के लिए कहा जाता था। परिजनों का आरोप है कि सजा पूरी नहीं कर पाने पर सृष्टि दास और कुशल डहरे के साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ से मारपीट भी की गई। घटना के बाद सृष्टि दास को कमर में दर्द की शिकायत होने लगी, जबकि कुशल डहरे के गाल में दर्द बताया गया है। बच्चों ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मामला सामने आया। सृष्टि दास की मां ज्योति दास ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीन वर्षीय मासूम की डबरी में डूबने से मौत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बुंदेला में एक दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम की डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि बच्चा घर के पास खेलते-खेलते डबरी तक पहुंच गया और पानी में गिर गया। काफी देर तक नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, जिसके बाद उसे डबरी से बाहर निकाला गया। जीवित होने की उम्मीद में परिजन तत्काल उसे पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## आधी रात स्कूल परिसर में घुसकर हमला, महिला समेत तीन घायल

■ पारिवारिक विवाद के बाद चाकू से वार और तोड़फोड़, अपराध दर्ज

**रायगढ़ ।** शहर के टीवी टॉवर स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर में देर रात घुसकर मारपीट और चाकूबाजी का मामला सामने आया है। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोगों के घायल होने की खबर है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में ईशा भट्ट ने चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह पिछले 4 वर्षों से अपने पति और सास के साथ गुरु नानक स्कूल परिसर स्थित चौकीदार क्वार्टर में रह रही है। वह स्कूल में साफ-सफाई का कार्य करती हैं, जबकि उनके पति चौकीदारी का काम करते हैं। बीते 1 जुलाई को उसके पति और जेठ नर्मदा प्रसाद भट्ट के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते 4 जुलाई की मध्य रात्रि करीब 1 बजे उसकी जेठानी पार्वती भट्ट अपने भाई दिनेश साहू और उसके 2-3 साथियों के साथ स्कूल परिसर में पहुंचे। आरोपियों ने बाउंड्रीवाल फांदकर घर में प्रवेश किया और दरवाजा तोड़ते हुए अंदर घुस गए। जिसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दिनेश साहू ने हाथ में रखे बड़े चाकू से ईशा भट्ट के गले पर वार कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे युवराज और पांचोबाई पर भी हमला किया गया। घटना में युवराज के गले, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि पांचोबाई के हाथ में चोट लगी है। हमलावरों ने घर के सामानों में भी तोड़फोड़ की और स्कूल परिसर के लकड़ी के दरवाजे, कांच की खिड़कियों तथा अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया।

## पत्नी को बुलेट से कई बार कुचलने की कोशिश, आरोपी पति गिरफ्तार

■ चरित्र शंका में विवाद के बाद वारदात, जूटमिल पुलिस ने भेजा जेल

रायगढ़। जूटमिल थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को बुलेट मोटरसाइकिल से कई बार कुचलकर मारने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार कोड़ातराई निवासी गणेशी साहू 32 ने 3 जुलाई को जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2014 में उसने अमित साहू से प्रेम विवाह किया था। दोनों के दो बच्चे हैं। विवाह के बाद से पति शराब के नशे में आए दिन विवाद और मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर वह बच्चों को सास के पास छोड़ अलग किराए के मकान में रहने लगी थी। 30 जून को उसके जन्मदिन के अवसर पर आरोपी पति ने सुधरने का भरोसा देते हुए उसे वापस साथ रहने के लिए मना लिया। इसके बाद 3 जुलाई की रात आरोपी उसे बुलेट मोटरसाइकिल से अपने घर कोड़ातराई ले गया। वहां चरित्र पर संदेह करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए जब महिला घर से बाहर भागी तो आरोपी ने बुलेट मोटरसाइकिल से उसे टक्कर मारकर गिरा दिया और फिर हत्या की नीयत से कई बार मोटरसाइकिल उसके शरीर के ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया।

## तीन उठाईगिरी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, बैंक ग्राहकों से 2.44 लाख पार करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने बैंक और सार्वजनिक स्थानों पर उठाईगिरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के फरार मास्टरमाइंड हरि उर्फ विशाल नट को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपने साथी धर्मेन्द्र नट के साथ मिलकर तीन अलग-अलग घटनाओं में कुल 2 लाख 44 हजार रुपये की चोरी कर चुका था। आरोपी को जिला जेल बैकुंठपुर से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश करने के बाद पुनः जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार आरोपी हरि उर्फ विशाल नट 41 वर्ष निवासी ग्राम गाला जिला जशपुर का रहने वाला है। उसका साथी धर्मेन्द्र नट पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 9 अप्रैल 2026 को अपेक्स बैंक तमनार से 20 हजार रुपये निकालकर बाजारपारा पहुंचे एक व्यक्ति के बैग से नकदी, पासबुक और एटीएम कार्ड चोरी कर लिया था। इसके बाद 14 मई को बैंक से 24 हजार रुपये निकालकर यात्री प्रतीक्षालय में बैठे एक बुजुर्ग का थैला पार कर दिया। वहीं 8 जून को एक किसान की मोटरसाइकिल की



डिक्की तोड़कर उसमें रखे दो लाख रुपये लेकर फरार हो गए थे। लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने अपेक्स बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों तक पहुंच बनाई। 19 जून को धर्मेन्द्र नट की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में हरि उर्फ विशाल नट की संलिप्तता सामने आई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल, चोरी की रकम से खरीदी गई दूसरी अपाचे बाइक तथा डिक्की तोड़ने में इस्तेमाल किए गए लोहे के औजार बरामद किए हैं।

## नौ माह बाद मिली नाबालिग, शादी का झांसा देकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने करीब नौ महीने से लापता 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर भगाने और शारीरिक शोषण करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 28 सितंबर 2025 को बालिका के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री 21 सितंबर 2025 को कपड़ा सिलवाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों की तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चलने पर अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम मनपसार निवासी राजेश कुमार बंजारे 30 वर्ष बालिका को अपने साथ ले गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर दबिश देकर बालिका को सकुशल



बरामद कर लिया। बालिका ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उसकी पहचान वर्ष 2025 में मजदूरी के दौरान हुई थी। बाद में आरोपी ने प्रेम और शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले जाकर शारीरिक शोषण किया। पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ीं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं बालिका को नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## भाजपा नेता की फेसबुक टिप्पणी पर बवाल, सर्व ब्राह्मण समाज ने सिटी कोतवाली में की शिकायत

■ जातीय भावनाएं आहत करने का आरोप, कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर की गई एक टिप्पणी को लेकर जिले की राजनीति और सामाजिक हलकों में विवाद गहरा गया है। भाजपा नेता गणेश अग्रवाल पर फेसबुक पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिसके बाद इस मामले को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने कड़ा विरोध जताते हुए सिटी कोतवाली पहुंचकर



शिकायत दर्ज कराई है और भाजपा नेता के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक, फेसबुक पर चल रही एक चर्चा के दौरान भाजपा नेता गणेश अग्रवाल ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि ब्राह्मणों के श्राप से बैल नहीं मरा करती। इस टिप्पणी के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। ब्राह्मण समाज के लोगों ने इसे जातीय आधार पर की गई अमर्यादित टिप्पणी बताते हुए नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि जब कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए पूछा कि इसमें ब्राह्मण समाज का उल्लेख क्यों किया गया, तब भी विवाद थमता नजर नहीं आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई और कई लोगों ने सार्वजनिक रूप से इस बयान की आलोचना की। मामले को गंभीर मानते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है।

## पैतृक मकान को लेकर भाइयों में विवाद कुल्हाड़ी से हमले में बड़ा भाई घायल

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिमटापानी में पैतृक मकान को लेकर दो भाइयों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद हिंसक हो गया। इसी विवाद को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर टांगी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए महेत राम राठिया ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी और खेती-किसानी का कार्य करता है तथा वह 3 भाइयों में सबसे बड़ा है। उसका छोटे भाई रूपधर राठिया अक्सर उसे घर से बाहर निकलने की धमकी देता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चलता रहा है। बीते 22 जून की शाम करीब 5 बजे वह अपने पिता गाडा राय राठिया और छोटे भाई रूपधर राठिया से यह पूछ रहा था कि वे उससे नाराज क्यों रहते हैं और उसे घर छोड़ने के लिए क्यों कहते हैं। इसी दौरान रूपधर राठिया उससे गाली-गलौज करने लगा और हाथ में रखी कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में महेत राम राठिया के सिर के दाहिने हिस्से, सिर के पीछे तथा बाईं आंख के पास चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपी ने उसे जान से मारने तक की धमकी भी दी। घटना के दौरान गाडा राय राठिया, नवीन राठिया, फुलसिंह राठिया, श्याम सुंदर राठिया तथा पीड़ित के पुत्र प्रमोद राठिया ने बीच-बचाव किया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए घरघोड़ा अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया।



# फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** प्यार, धोखा और खौफनाक रहस्यों से भरपूर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों की हमेशा से पसंदीदा रही हैं। आगामी फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' भी कुछ ऐसा ही वादा करती है, जिसका टीजर यूट्यूब पर जारी हो गया है। इंद्र दास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार शामिल हैं। एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ द्वारा निर्मित 'रहूं मैं तेरे रूबरू' प्यार, धोखे, रहस्य और अप्रत्याशित मोड़ का मिश्रण है। फिल्म का टीजर एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां रोमांस और रहस्य की एक झलक मिलती है। इसकी कहानी एक ब्लॉगर के इर्द-गिर्द घूमती है।

## लाइफ Style



# तृषा

## कपड़ों से बदबू आने पर ब्रांड को लगाई फटकार

एजेंसी ⏭ मुंबई

तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है।

मशहूर अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने कपड़ों के बड़े ब्रांड 'जारा' की सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने शिकायत की है कि इस ब्रांड से जो कपड़े उन्हें मिले, उनसे पसीने की बहुत ही गंदी बदबू आ रही थी। इंस्टाग्राम पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इसे 'बेहद घिनौना' बताया है। तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी ग्राहक को ऐसी गंदी हरकत का सामना न करना पड़े। तृषा ने अपने इस पोस्ट में जारा ब्रांड के आधिकारिक खातों को भी टैग किया। उन्होंने सीधे शब्दों में लिखा, 'कम से कम कपड़े पैक करने से पहले उन्हें सूंघ तो लिया करो। उनके इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर भारी हलचल मचा दी है और उनके प्रशंसकों ने भी इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, अभी तक जारा कंपनी की तरफ से इस शिकायत पर कोई जवाब नहीं आया है। काम के मोर्चे पर बात करें तो तृषा को आखिरी बार फिल्म 'करुप्पु' में देखा गया था।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर ने मंगेतर ट्रैविस से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने मंगेतर ट्रैविस केल्सी से शादी कर ली है। कहा जा रहा है कि टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने न्यूयॉर्क सिटी के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शादी की।. हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की कोई भी फोटो या वीडियो शेयर नहीं की है। भारतीय रुपये के हिसाब से पॉप सिंगर की शादी में करीब 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ का भारी-भरकम खर्चा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की वेडिंग सेरिमनी 3 जुलाई 2026 को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हुई।



# 7 करोड़ में बनी हॉरर फिल्म ने 10 दिनों में कमा डाले 750 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में रिलीज हुई हॉलीवुड हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' ने तो कमाई के मामले में इतिहास रच दिया है। 7 करोड़ के बजट में बनी की फिल्म ने सिर्फ 10 दिनों में 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन पार कर लिया है। हॉलीवुड फल्मि 'ऑब्सेशन' का प्रीमियर पिछले साल 05 सितंबर 2025 को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टविल में हुआ था। वहीं, अब 15 मई 2026 को ये फिल्म थएिटर्स में रिलीज हुई है। दिलचस्प बात है कि इस फिल्म का बजट सिर्फ 7 करोड़ रुपये है और 10 दिनों में इस फिल्म ने 750 करोड़ रुपए कमा डाले। इस फिल्म ने कमाई के मामले में 'माइकल', 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है। 'ऑब्सेशन' की कहानी की बात करे तो ये एक हॉरर फिल्म है, जिसमें माइकल जॉनस्टन लीड रोल प्ले करते नजर आए हैं।



# दक्षिण सिनेमा में जमाएंगी पैर...

**मुंबई।** शनाया कपूर के लिए बॉलीवुड का सफर कुछ खास साबित नहीं हुआ। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' (2025) फ्लॉप निकल गई। आदर्श गौरव के साथ सर्वाइवल फिल्म 'तू या मैं' भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई। ताजा अपडेट है कि अभिनेत्री तीसरी फिल्म के लिए दक्षिण सिनेमा का रुख करने की तैयारी कर रही हैं। साल 2021 की जॉम्बी कॉमेडी फिल्म 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल से अभिनेत्री तेलुगु फिल्म जगत में डेब्यू कर सकती हैं। शनाया के साथ इस अभिनेता की बनेगी जोड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल में शनाया के साथ तेजा सज्जा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। तेजा को 'हनु-मान' (2024) और 'मिराई' (2025) जैसी फिल्मों ने जबरदस्त सफलता दिलाई है।



# 'धुरंधर' को टक्कर देगी धमाल-4

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता रवि किशन अपनी आने वाली फिल्म 'धमाल 4' को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने इस फिल्म को "मजेदार पागलपन" बताया है। उनका मानना है कि आज के समय में दर्शक बड़े पर्दे पर इसी तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। रवि किशन ने आगे कहा कि भले ही बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की 'धुरंधर' जैसी मारधाड़ वाली फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब लोगों का झुकाव कॉमेडी फिल्मों की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है। यही वजह है कि उन्हें लगता है कि 'धमाल 4' सिनेमाघरों में एकदम सही समय पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे।

## टीवी मसाला

# कभी ट्रैफिक सिग्नल पर नाचीं तो कभी दूसरे के कंधे पर झूमीं

**मुंबई।** एकता कपूर की रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 को नेटफ्लिक्स पर काफी ज्यादा चर्चा में देखा जा रहा है। शो को शुरू हुई अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और इतने में ही यह शो काफी सुर्खियों में आ चुका है। इस सीजन में काफी सारे ऐसे सेलिब्रिटीज की भी एंट्री हुई जिनकी जिंदगी काफी विवादित है। कुछ कंटेस्टेंट्स के बीच खूब लड़ाई भी हुई है। लेकिन इसी बीच श्रेया कालरा काफी चर्चा में आ गई है। लॉकअप के सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा पहले ही दिन से काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्हें फर्स्ट एपिसोड में राम कपूर के साथ में बहस करते हुए भी देखा जा चुका है।



***डांस रील पर हो चुका है हंगामा :*** वैसे तो लॉकअप के शो में और श्रेया जितनी ज्यादा विवादित नजर आ रही है उतनी ही वह रियल लाइफ में भी कंट्रोवर्सी रह चुकी है। साल 2021 में वह अपनी एक डांस रील वीडियो को लेकर पहली बार चर्चा में आई थी। मध्य प्रदेश के इंदौर की श्रेया एक ट्रैफिक सिग्नल पर नाच रही थी और बीजी रोड पर उनका यह स्टंट उन्ही पर भारी पड़ गया। इनफ्लुएंसर के खिलाफ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और पब्लिक में हंगामा करने पर एफआईआर दर्ज करवा दी थी।

***बॉयफ्रेंड पर चीट करने के लगाए गए आरोप:*** श्रेया कालरा एमटीवी के मशहूर शो रोडीज का भी हिस्सा रह चुकी है। उन्हें कई बार पॉडकास्ट पर अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के साथ तीखी बयान बाजी करते हुए भी देखा जा चुका है। हालांकि अफसर ऋषभ और श्रेया को एक दूसरे पर पब्लिक में भी प्यार लुटाते हुए देखा जाता है। लेकिन एक बार श्रेया पर अपने बॉयफ्रेंड को धोखा देने के आरोप लगा दिए गए थे। साल 2025 के दौरान एक कंसर्ट का यह मामला है और यहां पर इनफ्लुएंसर को एक शख्स के कंधों पर बैठकर और नाचते हुए देखा गया था।

## शिवांगी जोशी ने गुपचुप रचा ली सगाई

**मुंबई।** शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री की एक मशहूर अभिनेत्री है और आपको बता दें कि उन्होंने यह रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में नायरा का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी एक खास पहचान बना ली थी। लेकिन इस समय वह रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई है। अब हाल ही में उन्होंने शो में इस बात का खुलासा किया है कि उनकी सगाई हो चुकी है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। शिवांगी जोशी का इस समय लॉकअप सीजन 2 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है।



इस दौरान वह श्रेया कलर से बात करती हुई नजर आती है और बताती है कि उनकी सगाई हो चुकी है। शिवांगी जोशी ने इस पर बात करते हुए कहा कि मैं सीधा शादी करना चाहती हूं। जब श्रेया ने शिवांगी से सवाल किया कि उन्हें कैसा लड़का पसंद है तो इस पर वह मुस्कुराती है और कहती हैं कि मैं इंगेज्ड हूं। इसका सीधा मतलब है कि शिवांगी की सगाई हो चुकी है। लेकिन आखिरकार वह शख्स कौन है और क्या करता है?

# 'गट्टा कुश्ती 2' के मजेदार पागलपन को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़...

**मुंबई।** विष्णु विशाल और ऐश्वर्या लक्ष्मी के शानदार अभिनय से सजी फिल्म 'गट्टा कुश्ती 2' ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। ये फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज हुई है और इसे समीक्षकों से भी शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने धमाकेदार शुरुआत की है। इस नए भाग में 'वीर' और 'कीर्ति' की कहानी को और आगे बढ़ाया गया है। फिल्म में भरपूर कॉमेडी और पारिवारिक भावनाओं का ऐसा बेहतरीन तालमेल है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं और सिनेमाघरों में दर्शक इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।



### बॉक्स ऑफिस पर 'गट्टा कुश्ती 2' ने कमाए इतने करोड़

*'गट्टा कुश्ती 2' ने अपने पहले ही दिन पूरे देश में 2.93 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा तमिलनाडु से आया, जहां फिल्म ने अकेले 2.60 करोड़ रुपये बटोरे। सिनेमाघरों में फिल्म के शोज को लेकर दर्शकों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर सिनेमाघरों में सीटों की बुकिंग 22 प्रतिशत से ज्यादा रही, जो रात के शोज में बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई।*

# बॉलीवुड के कुछ ऐसे कलाकार, जिनकी सादगी के होते हैं चर्चे, स्टार बनने के बाद भी नहीं बदला अंदाज

**मुंबई।** रणबीर कपूर से लेकर पंकज त्रिपाठी और मनोज बाजपेयी तक, जानिए बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिनकी सादगी और प्रोफेशनल रवैये की चर्चा इंडस्ट्री में भी होती है। बॉलीवुड में स्टारडम के साथ अक्सर बड़े एंटॉरेज, लग्जरी लाइफस्टाइल और अलग अंदाज की चर्चा होती है. लेकिन इंडस्ट्री में कुछ ऐसे सितारे भी हैं, जिन्होंने सफलता मिलने के बाद भी अपनी सादगी नहीं छोड़ी. उनके व्यवहार और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ डायरेक्टर्स, को-स्टार्स और फैंस तक करते हैं।

**रणबीर कपूर** : रणबीर कपूर की सादगी का जिक्र हाल ही में निर्देशक राजकुमार हिरानी ने **Zoom** को दिए एक इंटरव्यू में किया। उन्होंने बताया कि संजू की शूटिंग के दौरान रणबीर सीधे टीम और असिस्टेंट डायरेक्टर्स से बात करते थे। हिरानी ने कहा कि पूरी फिल्म बन गई और उन्हें यह तक पता नहीं चला कि रणबीर का मैनेजर कौन है। इससे पहले करण जौहर भी रणबीर के सहज और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ कर चुके हैं।

**पंकज त्रिपाठी** : पंकज त्रिपाठी की पहचान सिर्फ शानदार अभिनय ही नहीं, बल्कि उनकी सादगी भी है। कई इंटरव्यू में वे अपने गांव, परिवार और संघर्ष के दिनों को याद करते नजर आए हैं। सफलता मिलने के बाद भी उनके रहन-सहन और व्यवहार में ज्यादा बदलाव नहीं आया। सेट पर उनका शांत स्वभाव और सभी के प्रति सम्मान उन्हें इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कलाकारों में शामिल करता है।



**मनोज बाजपेयी** : मनोज बाजपेयी ने अपने दमदार अभिनय से अलग पहचान बनाई है। कई फिल्ममेकर्स और सह-कलाकार उनके अनुशासन, समय की पाबंदी और जमीन से जुड़े व्यवहार की तारीफ कर चुके हैं। वे हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि कलाकार की पहचान उसके काम से बनती है, न कि दिखावे से। यही सोच उन्हें बाकी सितारों से अलग बनाती है।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** : संघर्ष से सफलता तक का सफर तय करने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज भी अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। कई मौकों पर उन्होंने कहा है कि वे लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देना पसंद करते हैं। उनके करीबी और इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी अक्सर उनके सहज स्वभाव और विनम्र व्यवहार की चर्चा करते हैं।

**विक्की कौशल** : विक्की कौशल ने कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग जगह बनाई है। सफलता मिलने के बाद भी उनका सहज व्यवहार अक्सर सुर्खियों में रहता है। फैंस के साथ उनका अपनापन, मीडिया से विनम्रता और सेट पर टीम के साथ सामान्य तरीके से पेश आना उनकी खास पहचान बन चुका है। यही वजह है कि वे इंडस्ट्री के सबसे डाउन टू अर्थ सितारों में गिने जाते हैं।

**एक बात सबसे अलग** : इन पांचों कलाकारों की एक बात सबसे अलग है। इन्होंने कभी स्टार बनने के बाद अपने व्यवहार को नहीं बदला। चाहे शूटिंग का माहौल हो या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में मौजूदगी, ये सितारे अपने शांत और सम्मानजनक रवैये के लिए पहचाने जाते हैं। शायद यही वजह है कि इंडस्ट्री में भी इनकी सादगी की मिसाल दी जाती है।

## इन सितारों की बचाई जिंदगी

# जब डॉक्टर बने भगवान! अमिताभ से लेकर सैफ अली खान तक

*मुंबई। हिंदी सिनेमा में आपने अक्सर देखा होगा कि हीरो आखिरी वक्त पर आकर किसी की जान बचा लेता है लेकिन असल जिंदगी की कहानियां बिल्कुल अलग होती हैं क्योंकि यहां न बैकग्राउंड म्यूजिक होता है, न दूसरा टेक। होता है तो सिर्फ जिंदगी और मौत के बीच झूलता इंसान। उस वक्त सबसे बड़ा हीरो कोई सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऑपरेशन थियेटर में खड़ा डॉक्टर होता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही फिल्मी हीरो की कहानियां जिनके लिए डॉक्टर किसी फरिश्ते से कम नहीं साबित हुए।*

### अमिताभ बच्चन के लिए पूरा देश कर रहा था दुआ

सबसे पहले बात करते हैं अमिताभ बच्चन की जिन्हें फिल्म कुली के फाइटिंग के दौरान पुनित इस्सर ने इतनी जोर से मुक्का मारा कि उनके पेट में गंभीर अंदरूनी चोट आईं। बेहद नाजुक हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई घंटे तक ऑपरेशन चला। उनके शरीर से काफी खून बह चुका था। पूरा देश बिग बी के लिए प्रार्थना कर रहा था। आखिरकार डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और अमिताभ ने मौत को मात दे दी। बाद में उन्होंने कई बार कहा कि उन्हें दूसरी जिंदगी मिली है और इसके लिए वह डॉक्टरों और अपने चाहने वालों के हमेशा आभारी रहेंगे।

### ऋषि कपूर: दो साल तक बीमारी से लड़ते रहे

ऋषि कपूर को 2018 में कैंसर का पता चला। इलाज के लिए वो अमेरिका के न्यूयार्क गए, जहां लगभग एक साल उनका इलाज चला। कई बार कीमोथेरेपी हुई, कई मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा। इलाज के दौरान उन्होंने अपनी मुस्कान नहीं खोई. ।सोशल मीडिया पर वो अक्सर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते थे। वापस इंडिया लौटने के बाद उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। हालांकि 2020 में उनका निधन हो गया। लेकिन डाक्टर्स की वजह से उन्हें अपने परिवार के साथ कुछ वक्त और बिताने का वक्त मिला।




### सैफ अली खान: चंद मिनटों में बदल गई पूरी रात

सैफ अली खान के घर पर आधी रात को हुए चाकू से हमले ने पूरे देश को चौंका दिया। अपने बच्चों को चोर से बचाने के लिए सैफ ने अपनी जान तक दांव पर लगा दी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तुरंत मुंबई के अस्पताल में ले जाया गया। एक चोट तो रीढ़ की हड्डी के बेहद करीब थी। मेडिकल टीम ने घंटों तक ऑपरेशन किया और वे स्वस्थ हो गए। डॉक्टरों का कहना था कि इलाज में थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### गरीबों के मसीहा सोनू सूद

सोनू सूद को लोग गरीबों का मसीहा कहते हैं. हालांकि कुछ वक्त पहले उन्हें खुद भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा। लगातार काम और बिजी लाइफ के बीच एक मेडिकल समस्या के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। सोनू ने डॉक्टरों और मेडिकल टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि मरीज के लिए सिर्फ दवा ही नहीं, डॉक्टर का भरोसा भी बहुत बड़ी ताकत होता है।

### शाहरुख खान

शाहरुख खान ने अपने करियर में कई चोटें झेली हैं। कंधे, घुटने और पीठ की समस्याओं के कारण उन्हें कई बार सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि शरीर पर लगी चोटें उनके पेशे का हिस्सा बन चुकी हैं। हर बार डॉक्टरों की मदद और लंबी फिजियोथेरेपी के बाद ही वह दोबारा कैमरे के सामने लौट पाए।

### सलमान खान

सलमान खान भी अपने कई इंटरव्यूज़ में बता चुके हैं कि उन्हें 'ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया' बीमारी है। मेडिकल टर्म में इसे सबसे दर्दनाक माना जाता है। इसमें चेहरे की नस में तेज, अचानक और बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। सलमान ने इस बीमारी का इलाज यूएस से करवाया और डॉक्टर्स को शुक्रिया अदा किया।

## खबर संक्षेप




### कोसीर सहकारी समिति में किया गया पौधरोपण

**कोसीर।** सेवा सहकारी समिति कोसीर समिति प्रांगण में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त सहकारिता एवं नोडल अधिकारी कामेश सिंह कश्यप उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहकारिता निरीक्षक लकेश्वर देवांगन समिति के समिति प्रबंधक खगेश जांगड़े सहित समिति के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण हरित विकास एवं सहकारिता के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधरोपण एवं उनके संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को आवश्यक बताया साथ ही पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### महापल्ली में खुलेगी पुलिस चौकी

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना प्रभारी की उपस्थिति में महिला सदन हरडा बहाली महापल्ली में महिला समिति की बैठक रखी गई थी। जहां सहर्ष सर्व सम्मति से महिला सदन को पुलिस चौकी संचालन के लिए आगामी भवन व्यवस्था तक संचालित करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में सरपंच तपस्विनी किसान, पंच कुंदकुंवर पटेल, अंबिका यादव, सरस्वती प्रधान, अमिला चौहान, नरेश अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष पार्वती बैरागी, सरला अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। बैठक में महिलाओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि महापल्ली में उक्त महतारी सदन हर दृष्टि से उपयुक्त जगह है। यहां से ओडिसा बॉर्डर महज 4 से 5 किलोमीटर है। अंतर्राज्यीय अपराध पर अंकुश लग सकेगा। आगे जामगांव कोयलंगा तक कवर हो सकेगा। सीसीटीवी से लैस रहेगा जिससे अपराधों में अंकुश लग सकेगा। ओडिसा तरफ से अपराध कर भागने वालों को भी अब जल्द पकड़ लिया जाएगा। पूर्वांचल में अमन शांति और खुशहाली के लिए यह चौकी काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

### आज होगी राज्य महिला आयोग की सुनवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की न्यायपीठ द्वारा जिसमें महिला उत्पीड़न से संबंधित रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 45 प्रकरण और सक्ति जिले के 1 प्रकरण की सुनवाई 6 जुलाई 2026 क्रो सुबह 11 बजे से अध्यक्ष किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी सरला कोसरिया और सह प्रभारी प्रियवन्दा सिंह जूदेव के द्वारा की जाएगी।

### सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने व्यक्त किया गहरा शोक



**रायगढ़।** प्रदेश संयोजक अनुपम पाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि तीजन बाई ने अपनी विलक्षण प्रतिभा ओजस्वी वाणी और अद्भुत प्रस्तुति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति एवं पंडवानी कला को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय लोककला, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि तीजन बाई का निधन केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि समूचे देश की सांस्कृतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी कला, साधना और सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

## जांच में हुआ खुलासा, संचालकों को बॉयोमेट्रिक से राशन विवरण करने दिए निर्देश

# शहरी क्षेत्र में राशन लेने ओटीपी के अधिक उपयोग पर लगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण प्रक्रिया में उचित मूल्य की दुकानों से अब हितग्राहियों को केवल आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही राशन दिए जाने संबंधी आदेश दिया गया है। इसकी जांच करने पर पाया गया कि अधिकांश दुकानों में ओटीपी से राशन का उठाव किया जा रहा था, ऐसे में संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही राशन का वितरण करने को कहा गया है।

बता दें कि केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के निर्देश पर अब उचित मूल्य की दुकानों से अधिकांश हितग्राहियों को केवल आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही राशन दिए जाने को लेकर निर्देशित किया गया है। वहीं सरकार ने ओटीपी आधारित वितरण को सीमित कर दिया गया है और इसे केवल विशेष परिस्थितियों में ही उपयोग किये जाने को लेकर कहा गया है। इसकी जानकारी अधिकांश उचित मूल्य दुकान संचालकों को नहीं थीए ऐसे में वे ओटीपी के माध्यम से हितग्राहियों को राशन का वितरण किया जा रहा था। जांच में यह भी पता चला कि शहरी क्षेत्र में इसका ज्यादा उपयोग किया जा रहा था। ज्यादातर दुकानों में एपीएल हितग्राही ही इसका उपयोग कर रहा थे। किंतु अब इस पर लगाम लगा दिया गया। विशेष परिस्थितियों में ही ओटीपी के आधार पर राशन का वितरण किया जा सकेगा। विभागीय अधिकारियों की माने तो वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पारदर्शिता बढ़ाने और गड़बड़ियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से आधार प्रमाणीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। विभाग को ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थींए जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी हितग्राही का आधार प्रमाणीकरण तकनीकी कारणों से विफल होता है तो दुकान संचालक को इसकी सूचना तत्काल संबंधित खाद्य निरीक्षक और तकनीकी टीम को देनी होगी, ताकि समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके।



**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

खाद्य विभाग ने राशन दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना उचित कारण ओटीपी आधारित वितरण को प्राथमिकता देने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिन क्षेत्रों में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है या कनेक्टिविटी की समस्या है, वहां विशेष परिस्थितियों में ऑफलाइन वितरण की अनुमति रहेगी।

### नॉमिनी के आधार प्रमाणीकरण जरूरी

नई व्यवस्था के अनुसार जिन राशन कार्डों में परिवार प्रमुख और अन्य सदस्यों की ई.केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उन्हें केवल बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही खाद्यान्न दिया जाएगा। वहीं नॉमिनी के माध्यम से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को भी नॉमिनी के आधार प्रमाणीकरण के जरिए ही अनाज मिलेगा। हालांकि कुछ विशेष श्रेणियों के हितग्राहियों को राहत दी गई है। ऐसे राशन कार्ड जिनमें सभी सदस्यों की आयु 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम है, एकल निराश्रित व्यक्ति तथा ऐसे दिव्यांग हितग्राही जिनके लिए नॉमिनी की व्यवस्था नहीं है, उनके मामले में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण असफल होने पर मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण किया जा सकेगा।

### एक सप्ताह में 38 मशीन मिले खराब

खाद्य विभाग द्वारा की गई जांच में 38 ई-पॉस मशीनों में अलग अलग तरह की खराबी पाई गई। यह जांच रिपोर्ट बीते सप्ताह भर की है। इन जांच में खराब मिले 38 मशीनों में से 15 का निराकरण कर लिया गया है। वहीं 23 मशीनों का सुधार कार्य चल रहा है। जांच में 8 ई पॉस मशीनों में प्रिंगर प्रिंट स्कैनर में खराबी सामने आई थी। जिसमें 1 का निराकरण किया गया है।



# बदहाल सड़क, बारिश में बना मौत का तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सोहेला के बहलीडीह चौक पर स्थित पीडब्लूडी विभाग की मुख्य सड़क पिछले कई महीनों से जर्जर हालत में है। मानसून की शुरुआत होते ही इस सड़क ने मौत के तालाब का रूप ले लिया है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने के कारण आए दिन स्कूली बच्चे और बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा बार बार शिकायत किए जाने के बाद भी जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी और प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है।

यह मार्ग मुख्य रास्ता होने के कारण रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे, कामकाजी लोग और राहगीर यहाँ से गुजरते हैं। गड्ढों की गहराई का अंदाजा न मिलने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। सबसे बुरा हाल साइकिल और पैदल जाने वाले स्कूली बच्चों का है, जो कीचड़ और गंदे पानी में गिरकर न सिर्फ चोटिल हो रहे हैं, बल्कि उनके बस्ते और कपड़े भी खराब हो रहे हैं। किसी बड़े हादसे की आशंका से अभिभावक डरे हुए हैं। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। हर बार केवल आश्वासन मिला लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। जल निकासी ड्रेनेज की व्यवस्था न होने से पूरी सड़क पर घुटनों तक पानी जमा हो जाता है।

**अनहोनी की आशंका**

इस सड़क से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा है। कल ही मेरे सामने दो स्कूली बच्चे साइकिल सहित पानी से भरे गड्ढे में पलट गए। अगर समय रहते इसे ठीक नहीं किया गया, तो यहाँ कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।
**संतोष पटेल, स्थानीय निवासी**

# गैर-संचारी रोग नियंत्रण के लिए दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** जिले में राष्ट्रीय गैर. संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गत शुक्र और शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार वैष्णव के मार्गदर्शन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. रूपेंद्र साहू के नेतृत्व तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक धारा के समन्वय में आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण में राज्य स्तर से आए मास्टर प्रशिक्षक डॉ. उर्वीन शाह डब्ल्यू एचओ सलाहकार एवं अतुल शुक्ला ने जिले के समस्त डेटा प्रबंधकों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा डेटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं स्ट्रोक जैसे गैर.संचारी रोगों की रोकथाम, स्क्रीनिंग, उपचार एवं फॉलो.अप संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम की रिपोर्टिंग मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश भी साझा किए गए। द्वितीय दिवस में एनपी एनसीडी ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा एंट्री डेटा की शुद्धता एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं संस्थावार उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कराया गया तथा प्रतिभागियों को पोर्टल पर व्यवहारिक अभ्यास भी कराया गया। विशेषज्ञों ने डेटा एंट्री में आने वाली सामान्य त्रुटियों उनके निराकरण एवं गुणवत्ता सुधार के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक सुझाव दिए गए। यह प्रशिक्षण जिले में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की क्षमता वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### नाबालिग छात्रा से मारपीट का आरोप

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कयाघाट में एक नाबालिग छात्रा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मोहल्ले की तीन महिलाओं पर सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में 16 वर्षीय ललिता जायसवाल ने बताया कि वह कक्षा 10वीं की छात्रा है और जगदेव पाठशाला स्कूल में अध्ययनरत है। उसके मोहल्ले के युवक मुकेश वर्मा से पहले दोस्ती थी और दोनों के बीच बातचीत होती थी। हालांकि पिछले चार-पांच महीनों से दोनों के बीच संपर्क पूरी तरह बंद हो चुका है। बीते 30 जून की शाम वह स्कूल से घर आ गई थी। इसी दौरान शाम करीब 6:30 बजे मुकेश वर्मा की बहन प्रीती वर्मा, सरस्वती वर्मा और उनकी मां उसके घर के सामने पहुंचीं और अभी भी मुकेश से उसकी बातचीत जारी रहने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दिया। इनकार करने पर तीनों महिलाओं ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, बाल खींचे और धक्का-मुक्की की। घटना में छात्रा की आंख के नीचे, कलाई और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

# जिन्दल आदर्श भारती में छात्र परिषद गठित, निर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

**किरोड़ीमल।** जिन्दल आदर्श भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, किरोड़ीमलनगर में छात्र परिषद एवं विभिन्न सदनों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 6वीं बटालियन सीएएफ की डिप्टी कमांडेंट एडिशनल एसपी श्रीमती वर्षा मिश्रा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

समारोह में विद्यालय के चेयरमेन विजय कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरोस राम पटेल, वित्त प्रभारी एवं प्रबंध निदेशक प्रणय कुमार अग्रवाल, सचिव अनुज राम सिदार, सह सचिव दिनेश कुमार उरांव, सीबीएसई विभाग की प्राचार्या प्रियंका जैन, सीजीबीएसई अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या रीना नाथ, सीजीबीएसई हिन्दी माध्यम की उप प्राचार्या ममता सिंह सहित विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, सहयोग और मैत्री की भावना ही एक आदर्श विद्यार्थी की पहचान है। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिनिधियों का दायित्व केवल पद धारण करना नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और कार्यों से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनना भी है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से ईमानदारी, निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमेन विजय कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन और नेतृत्व के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि अनुशासन जीवन की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने छात्र परिषद के सदस्यों से विद्यालय की गतिविधियों में सकारात्मक एवं प्रेरक भूमिका निभाने का आग्रह किया। वित्त प्रभारी एवं प्रबंध निदेशक प्रणय कुमार अग्रवाल ने कहा कि छात्र परिषद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जो भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। सीबीएसई विभाग की प्राचार्या प्रियंका जैन ने कहा कि सच्चा नेतृत्व अनुशासन, निष्ठा और सेवा भावना पर आधारित होता है। उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों से विद्यालय में स्वच्छता, समयपालन, पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्यों तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र परिषद एवं विभिन्न सदनों के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। सीबीएसई विभाग से आर्यन सिंह हेड बॉय एवं नमिता यादव हेड गर्ल सीजीबीएसई अंग्रेजी माध्यम से आयुष सिंह हेड बॉय एवं प्रियांशी राज हेड गर्ल तथा सीजीबीएसई हिन्दी माध्यम से शुभम गुप्ता हेड बॉय एवं प्रीतम चटर्जी हेड गर्ल सहित खेल, अनुशासन, संगीत, सांस्कृतिक गतिविधियों और विभिन्न सदनों के छात्र प्रभारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

# अवैध शराब बेचने वाले गुड़ेली के 2 आरोपी जेल दाखिल

**सारंगढ़।** आबकारी आयुक्त पी एस एल्मा के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर पदमिनी भोई साहू और जिला आबकारी अधिकारी संतराम वर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी विभाग वृत्त सारंगढ़ एवं बरमकेला द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 क के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कराया गया है।



गुड़ेली लातनाला मार्ग पर संदिग्ध वाहनो की जाँच तलाशी में ग्राम गुड़ेली के दो आरोपियों के दोपहिया वाहन में अवैध हाथभट्टी महुआ शराब का परिवहन किये जाने पर विधिवत कार्यवाही की गई। इसमें आरोपी अमृतलाल यादव पिता धनीराम से 25 लीटर शराब व बाईक हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 13 यूजे 5448 और आरोपी बरातू मांझी पिता धरमू से 30 लीटर शराब व बाईक टीवीएस एक्सल 100 क्रमांक सीजी 13 एएन 8190 जप्त किया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद वर्माए आबकारी उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह राठिया एवं हमराह स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत अधिकारियों ने दिलाई शपथ

**रायगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शहर के बापू नगर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत गीत संगीत की मनमोहक एवं संदेशपरक प्रस्तुतियों से हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति परिवार और समाज के समग्र विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। कार्यक्रम के समापन पर शिवशंकर पांडे ने उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# सोनबरसा में वन महोत्सव, किया पौधरोपण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वन परिक्षेत्र खरसिया अंतर्गत सोनबरसा भैनापारा में वन महोत्सव सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष डॉ. हितेश गबेल, बलदेव कुर्रे, लक्ष्मी पटेल, सरपंच श्रीमती राजकुमारी सिदार सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष डॉ. हितेश गबेल ने कहा कि वन विभाग द्वारा किया जा रहा यह पौधरोपण अभियान आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित करेगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक आवश्यक उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना है। यदि सभी क्षेत्रवासी मिलकर इन पौधों का संरक्षण करेंगे तभी यह अभियान अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करेगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण मिल सकेगा। बलदेव कुर्रे ने अपने संबोधन में कहा कि पौधरोपण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चे का पालन.पोषण पूरे समर्पण और स्नेह से करती हैए उसी भावना से लगाए गए पौधों की देखभाल करनी होगी। उन्होंने कहा कि इन पौधों का सबसे अधिक लाभ स्थानीय लोगों को ही मिलेगा।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त